विवि ने विषम सेमेस्टर के लिए शुरू किए ऑनलाइन पंजीकरण

देहरादून। वीर माधो सिंह गढ़वाल विवि की ओर से विषम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत छात्र 24 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। इस संबंध में संस्थानों के निदेशकों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। विवि कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह की ओर से सभी संबद्ध एवं परिसर संस्थानों के निदेशकों को पत्र भेजा गया है। इसमें बताया गया है कि संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में विषम सेमेस्टर के लिए छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन पंजीकरण के तहत 24 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। संवाद